# चम्पारण ज्ञानाग्रह

**प्रार्थना-सभा सामग्री, दिनांक– 02 मार्च 2026, अंक –228.**

**प्रस्तुतिः- GOVT. PS बोदसर, बगहा-2, प. चम्पारण (10010803702)**

**सौजन्य :- "TEACHERS OF BIHAR - THE CHANGE MAKERS."**




"मन जितना निर्मल होगा, जीवन उतना सुंदर होगा।"

— बुद्ध



विद्यार्थियों की बौद्धिक और नैतिक उन्नति की ओर....

**संपादकः- शैलेन्द्र कुमार**



www.teachersofbihar.org

अनुभाग-1

# "प्रार्थना-सभा सामग्री"

## Monday Prayer

सुबह सवेरे लेकर तेरा नाम प्रभु,
करते हैं हम शुरु आज का काम प्रभु।

सदा हमारे सिर पर तेरा हाथ रहे,
हर सुख-दुख संकट में तेरा साथ रहे,
हां, हर सुख-दुख संकट में तेरा साथ रहे;
खुशियों का हो जीवन में आयाम प्रभु,
करते हैं हम शुरु आज का काम प्रभु।
सुबह सवेरे लेकर तेरा.....

मिलकर इस धरती को चमन बनाएं हम,
गांधी, गौतम, रामकृष्ण बन जाएं हम।
हां, गांधी, गौतम, रामकृष्ण बन जाएं हम;
यही हमारा हो हरदम पैगाम प्रभु,
करते हैं हम शुरु आज का काम प्रभु।
सुबह सवेरे लेकर तेरा.....

मात-पिता की सेवा और सम्मान करें,
उनकी खुशियों पर सब कुछ कुर्बान करें।
हां, उनकी खुशियों पर सब कुछ कुर्बान करें।
अच्छे कर्म का अच्छा परिणाम प्रभु,
करते हैं हम शुरु आज का काम प्रभु।
सुबह सवेरे लेकर तेरा.....

शुद्ध भाव से तेरा ध्यान लगाएं हम,
विद्या का वरदान तुम्हीं से पाए हम।
हाँ, विद्या का वरदान तुम्हीं से पाए हम।
तुम्ही से है आगाज़ तुम्हीं से अंजाम प्रभु,
करते है हम शुरु आज का काम प्रभु।
सुबह सवेरे लेकर तेरा.....

गुरुओं का सत्कार कभी न भूले हम,
इतना बनें महान गगन को छु ले हम।
हाँ, इतना बनें महान गगन को छु ले हम।
तुम्हीं से है हर सुबह तुम्ही से शाम प्रभु,
करते है हम शुरु आज का काम प्रभु।
सुबह सवेरे लेकर तेरा ......

## बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार ,
तुझको शत-शत वंदन बिहार..!

तू वाल्मीकि की रामायण
तू वैशाली का लोकतंत्र,
तू बोधिसत्व की करूणा है
तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप
तू हीं अक्षत चंदन बिहार

तू है अशोक की धर्मध्वजा
तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह
तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि
धरती का नंदन वन बिहार।

तेरी गौरव गाथा अपूर्व
तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान
अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार
मेरे भारत के कंठहार ॥

## राष्ट्रीय गीत (190 सेकंड)

वन्दे मातरम्।
सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम्,
शस्यश्यामलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
शुभ्रज्योत्स्ना पुलकित यामिनीम्,
फुल्लकुसुमित द्रुमदलशोभिनीम्,
सुहासिनीं सुमधुर भाषिणीम्,
सुखदां वरदां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
कोटि-कोटि कण्ठ कलकल निनाद कराले,
कोटि-कोटि भुजैर्धृत खरकरवाले,
अबला केनो मा एतो बले?
बहुबलधारिणीं नमामि तारिणीं,
रिपुदलवारिणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि विद्या, त्वं हि धर्म,
त्वं हि हृदि, त्वं हि मर्म,
त्वं हि प्राणाः शरीरे।
बाहुते त्वं मा शक्ति,
हृदये त्वं मा भक्ति,
तोमारइ प्रतिमा गढ़ि
मन्दिरे-मन्दिरे।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी,
कमला कमलदलविहारिणी,
वाणी विद्यादायिनी नमामि त्वाम्।
नमामि कमलाम् अमलाम् अतुलाम्,
सुजलां सुफलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
श्यामलां सरलां सुस्मितां भूषिताम्,
धरणीं भरणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥

## राष्ट्रगान

जन-गण-मन अधिनायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा
द्रविड़-उत्कल-बंग।
विंध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा
उच्छल-जलधि-तरंग।
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मांगे,
गाहे तव जय-गाथा।
जन-गण-मंगलदायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय जय हे।।

संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर,
बगहा-2, प. चंपारण।



# संविधान की प्रस्तावना

हम, भारत के लोग,
भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को: सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई० (मिति मार्ग शीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

# मौलिक अधिकार

1. "समता का अधिकार (Right to Equality.)" - अनुच्छेद 14–18
2. "स्वतंत्रता का अधिकार - (Right to Freedom.)" - अनुच्छेद 19–22
3. "शोषण के विरुद्ध अधिकार (Right against Exploitation.)" - अनुच्छेद 23–24
4. "धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (Right to Freedom of Religion.)" - अनुच्छेद 25–28
5. "संस्कृति एवं शिक्षा संबंधी अधिकार (Cultural and Educational Right.)" - अनुच्छेद 29–30
6. "संवैधानिक उपचारों का अधिकार (Right to Constitutional Remedies.)" - अनुच्छेद 32

# मौलिक कर्तव्य

अनुच्छेद 51(क) – मौलिक कर्तव्य:
भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह —
(1.) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे;
(2.) स्वतन्त्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आन्दोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे;
(3.) भारत की प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे;
(4.) देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे;
(5.) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो; ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हैं;
(6.) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्त्व समझे और उसका परिरक्षण करे;
(7.) प्राकृतिक पर्यावरण, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, की रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखे;
(8.) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे;
(9.) सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करे और हिंसा से दूर रहे;
(10.) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे जिससे राष्ट्र निरन्तर बढ़ते हुए प्रयत्नों द्वारा उन्नति की नई ऊँचाइयों को छू ले;
(11.) यदि वह माता-पिता या संरक्षक है, तो छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने, यथास्थिति, बच्चे या प्रतिपाल्य को शिक्षा के अवसर प्रदान करे।

# वर्ग:- प्राथमिक (1 - 5) के लिए

# सामान्य-ज्ञान

**प्रश्न 1: स्पेन की राजधानी क्या है?**
**उत्तर: मैड्रिड**
**प्रश्न 2: भारत में योजना आयोग का स्थान लेने वाली संस्था कौन-सी है?**
**उत्तर: नीति आयोग**
**प्रश्न 3: जितिया पर्व मुख्य रूप से किस राज्य की संस्कृति से जुड़ा है?**
**उत्तर: बिहार**
**प्रश्न 4: 64 का घनमूल क्या है?**
**उत्तर: 4**
**प्रश्न 5: सोन नदी किस प्रमुख नदी में मिलती है?**
**उत्तर: गंगा**
**प्रश्न 6: भारत का राष्ट्रीय मुद्रा चिह्न (₹) किसका प्रतीक है?**
**उत्तर: रुपया**
**प्रश्न 7: डायनामाइट का आविष्कार किसने किया?**
**उत्तर: अल्फ्रेड नोबेल**
**प्रश्न 8: भारत में सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना किस वर्ष हुई थी?**
**उत्तर: 1950**
**प्रश्न 9: 'बालक' का स्त्रीलिंग रूप क्या है?**
**उत्तर: बालिका**
**प्रश्न 10: हमारे शरीर में भोजन से पोषक तत्वों को रक्त में पहुँचाने का कार्य कौन करता है?**
**उत्तर: छोटी आंत**


**संकलन:-**



पिन्टू कुमार
विद्यालय अध्यापक
UHS रामपुर, बगहा-2


# शब्द - संगम

Blow (ब्लो) – फूँकना / बहना
Blew (ब्लू) – फूँका / बहा
Blown (ब्लोन) – फूँका गया / बहा हुआ

Grow (ग्रो) – बढ़ना / उगना
Grew (ग्रू) – बढ़ा / उगा
Grown (ग्रोउन) – बढ़ा हुआ / उगा हुआ

Hide (हाइड) – छिपाना / छिपना
Hid (हिड) – छिपाया / छिपा
Hidden (हिडन) – छिपाया गया / छिपा हुआ




संकलन:-
सौरभ कुमार
विद्यालय अध्यापक
Govt. UMS गोइती
बगहा-2, प. चम्पारण


# English गप-शप

**थीम: At the Market (बाज़ार में)**

**यह कितने का है? – How much is this?**
**मुझे यह चाहिए। – I want this.**
**मुझे एक किलो सेब दीजिए। – Give me one kilo apples.**
**धन्यवाद, फिर मिलेंगे। – Thank you, see you again.**




संकलन:-
सुनील कुमार राम
प्रधान शिक्षक
Govt. PS चिउटाहां
बगहा-2, प. चम्पारण

# "सामान्य-ज्ञान"(वर्ग:6-12)

1. 2 मार्च 1930 को महात्मा गांधी ने किस ऐतिहासिक आंदोलन की घोषणा की थी? (दिवस ज्ञान/आधुनिक इतिहास)
उत्तर: दांडी मार्च
व्याख्या:
2 मार्च 1930 को महात्मा गांधी ने वायसराय लॉर्ड इरविन को पत्र लिखकर नमक कानून तोड़ने की घोषणा की। इसके पश्चात 12 मार्च 1930 को साबरमती आश्रम से दांडी तक ऐतिहासिक मार्च प्रारंभ हुआ। यह सविनय अवज्ञा आंदोलन की औपचारिक शुरुआत थी और ब्रिटिश नमक कानून के विरुद्ध जनजागरण का प्रतीक बना।
संदर्भ: आधुनिक भारत का इतिहास; NCERT कक्षा 8 इतिहास।

2. हाल ही में (मार्च 2026) किस भारतीय राज्य ने 'महिला सम्मान योजना' के तहत महिलाओं को प्रति माह 2500 रुपये देने की घोषणा की है? (समसामयिकी)
उत्तर: दिल्ली
व्याख्या: मार्च 2026 के प्रथम सप्ताह में दिल्ली सरकार ने 'महिला सम्मान योजना' के तहत राज्य की आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को प्रति माह 2500 रुपये देने की घोषणा की। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण प्रदान करना, उनके स्वास्थ्य एवं पोषण में सुधार करना एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। यह राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की जाएगी।
संदर्भ: दिल्ली सरकार महिला एवं बाल विकास विभाग प्रेस विज्ञप्ति, मार्च 2026।

3. "गीतांजलि" के रचयिता कौन हैं, जिसके लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार मिला था? (पुस्तक-लेखक)
उत्तर: रवींद्रनाथ टैगोर
व्याख्या: "गीतांजलि" विश्वविख्यात कवि रवींद्रनाथ टैगोर की अमर कृति है। इस काव्य संग्रह के लिए उन्हें 1913 में साहित्य का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया। यह बांग्ला भाषा में लिखी गई कविताओं का अंग्रेजी अनुवाद है, जिसमें ईश्वर के प्रति गहन आस्था, प्रकृति के प्रति प्रेम और मानवीय भावनाओं का अद्भुत चित्रण है। टैगोर ने भारत का राष्ट्रगान "जन गण मन" और बांग्लादेश का राष्ट्रगान "आमार सोनार बांग्ला" की रचना की।
संदर्भ: एनसीईआरटी कक्षा 8 हिंदी (वसंत भाग 3)।

4. 'जलवायु परिवर्तन' का सर्वाधिक प्रभाव किस पर हो रहा है? (पर्यावरण)
उत्तर: मौसम चक्र
व्याख्या: प्रस्तुत कैलेंडर के अनुसार, "जलवायु परिवर्तन का सर्वाधिक प्रभाव मौसम चक्र पर हो रहा है।" जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम के पैटर्न में अनियमितता आ रही है - अत्यधिक गर्मी, अत्यधिक सर्दी, अनियमित वर्षा, बाढ़, सूखा, चक्रवात की तीव्रता में वृद्धि आदि। यह परिवर्तन मुख्यतः ग्रीनहाउस गैसों के बढ़ते उत्सर्जन के कारण हो रहा है। इसका सर्वाधिक प्रभाव कृषि पर पड़ रहा है, क्योंकि बिहार राज्य की लगभग तीन चौथाई आबादी अपनी जीविका के लिए कृषि पर निर्भर है।
संदर्भ: बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (BSDMA) मार्च 2026 कैलेंडर।

5. किस मुगल शासक ने 'फतेहपुर सीकरी' नगर की स्थापना की थी? (इतिहास)
उत्तर: अकबर
व्याख्या: मुगल सम्राट अकबर (1556-1605) ने 1569 में फतेहपुर सीकरी नगर की स्थापना की थी। यह नगर आगरा से लगभग 40 किलोमीटर दूर स्थित है। इसे मुगल वास्तुकला का उत्कृष्ट नमूना माना जाता है। यहाँ स्थित बुलंद दरवाजा, जामा मस्जिद, सलीम चिश्ती की दरगाह प्रसिद्ध हैं। अकबर ने इसे अपनी राजधानी बनाया था, लेकिन जल की कमी के कारण इसे बाद में छोड़ दिया गया। 1986 में इसे यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया।
संदर्भ: एनसीईआरटी कक्षा 7 इतिहास, अध्याय 4 (मुगल साम्राज्य)।

# "सामान्य-ज्ञान"

6. भारत का सबसे बड़ा डेल्टा कौन सा है? (भूगोल)
उत्तर: सुंदरवन डेल्टा
व्याख्या: सुंदरवन डेल्टा विश्व का सबसे बड़ा डेल्टा है, जो भारत एवं बांग्लादेश में फैला है। यह गंगा, ब्रह्मपुत्र एवं मेघना नदियों द्वारा निर्मित है। इसका कुल क्षेत्रफल लगभग 10,000 वर्ग किलोमीटर है। यह क्षेत्र अपने मैंग्रोव वनों के लिए प्रसिद्ध है, जिन्हें 'सुंदरी' वृक्षों के नाम पर सुंदरवन कहा जाता है। यह यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल है और बंगाल टाइगर, खारे पानी के मगरमच्छ, नदी डॉल्फिन सहित कई लुप्तप्राय प्रजातियों का आवास है।
संदर्भ: एनसीईआरटी कक्षा 9 भूगोल, अध्याय 3 (अपवाह तंत्र)।

7. संविधान के किस अनुच्छेद में 'वित्तीय आपातकाल' का प्रावधान है? (संविधान)
उत्तर: अनुच्छेद 360
व्याख्या: भारतीय संविधान का अनुच्छेद 360 वित्तीय आपातकाल का प्रावधान करता है। यदि राष्ट्रपति को यह संतुष्टि होती है कि ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है जिससे भारत की वित्तीय स्थिरता या साख को खतरा है, तो वह वित्तीय आपातकाल की घोषणा कर सकता है। इस दौरान राज्यों को वित्तीय मामलों में केंद्र के निर्देशों का पालन करना होता है, राज्यों के वेतन एवं भत्तों में कटौती की जा सकती है, और केंद्र राज्यों से धन संबंधी विधेयकों को राष्ट्रपति के विचार के लिए सुरक्षित रखने की मांग कर सकता है। अब तक भारत में कभी भी वित्तीय आपातकाल लागू नहीं किया गया है।
संदर्भ: एनसीईआरटी कक्षा 11 राजनीति विज्ञान, अध्याय 4 (कार्यपालिका)।

8. 'एंटीबायोटिक' (प्रतिजैविक) की खोज किसने की थी? (विज्ञान)
उत्तर: सर अलेक्जेंडर फ्लेमिंग
व्याख्या: सर अलेक्जेंडर फ्लेमिंग ने 1928 में 'पेनिसिलिन' नामक प्रथम एंटीबायोटिक की खोज की थी। यह खोज संयोगवश हुई जब उन्होंने देखा कि एक फफूंद (पेनिसिलियम नोटेटम) ने जीवाणुओं के विकास को रोक दिया है। इस खोज के लिए उन्हें 1945 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। एंटीबायोटिक दवाएँ जीवाणु संक्रमण को रोकने या नष्ट करने का कार्य करती हैं। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि एंटीबायोटिक वायरल संक्रमण (जैसे सामान्य सर्दी, फ्लू) पर प्रभावी नहीं होती हैं।
संदर्भ: एनसीईआरटी कक्षा 8 विज्ञान, अध्याय 2 (सूक्ष्मजीव: मित्र एवं शत्रु)।

9. 'नौरोज' (Nauroz) त्योहार किस समुदाय का प्रमुख त्योहार है? (कला एवं संस्कृति)
उत्तर: पारसी समुदाय
व्याख्या: नौरोज (जिसका अर्थ है 'नया दिन') पारसी समुदाय का नव वर्ष है, जो वसंत विषुव (21 मार्च) के आसपास मनाया जाता है। यह त्योहार जोरास्ट्रियन कैलेंडर के अनुसार नए वर्ष की शुरुआत का प्रतीक है। इसे भारत में पारसी समुदाय द्वारा बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन लोग नए वस्त्र पहनते हैं, एक-दूसरे को शुभकामनाएँ देते हैं और विशेष व्यंजन (जैसे ब्रियानी, मीठा पुलाव) बनाते हैं। यह त्योहार ईरान एवं मध्य एशिया के कई देशों में भी मनाया जाता है।
संदर्भ: एनसीईआरटी कक्षा 7 इतिहास, अध्याय 9 (क्षेत्रीय संस्कृतियों का निर्माण)।

10. बिहार के किस जिले में प्रसिद्ध 'भीमबंध' बाँध स्थित है? (बिहार सामान्य ज्ञान)
उत्तर: जमुई
व्याख्या: भीमबंध बाँध बिहार के जमुई जिले में स्थित है। यह बाँध नागी नदी पर बनाया गया है। इसका निर्माण सिंचाई एवं जल आपूर्ति के लिए किया गया था। यह क्षेत्र अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए भी प्रसिद्ध है और यहाँ नागी-नकटी पक्षी अभयारण्य स्थित है, जो प्रवासी पक्षियों का महत्वपूर्ण आवास है। भीमबंध बाँध के पास एक सुंदर झील भी है, जो पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है।
संदर्भ: बिहार सरकार जल संसाधन विभाग; जमुई जिला गजेटियर।

# "सामान्य-ज्ञान"

11. अगलगी की स्थिति में विद्यालय परिसर में प्राथमिकिक रूप से क्या कार्रवाई की जानी चाहिए? (विद्यालय सुरक्षा मार्च W1)
उत्तर: अगलगी की स्थिति में सबसे पहले "स्टॉप, ड्रॉप एंड रोल" (रुको, लेटो और लुढ़को) का उपयोग करें, तुरंत नजदीकी अग्निशमन केंद्र के टोल फ्री नंबर 101 पर सूचना दें, और व्यवस्थित तरीके से विद्यालय भवन से बाहर निकलकर खुले मैदान में एकत्रित हों।
अगलगी के दौरान घबराने के बजाय शांत रहकर निम्न चरणों का पालन करना चाहिए:
1. "स्टॉप, ड्रॉप एंड रोल" - यदि कपड़ों में आग लग जाए तो दौड़ें नहीं, तुरंत जमीन पर लेटकर लुढ़कें।
2. 101 पर कॉल करें - तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचित करें।
3. निकासी - धुएं से बचने के लिए नीचे झुककर, गीले कपड़े से नाक-मुंह ढककर बाहर निकलें।
4. लिफ्ट का उपयोग न करें - हमेशा सीढ़ियों का इस्तेमाल करें।

12. यदि 8 मजदूर 6 दिनों में एक कार्य पूरा करते हैं, तो वही कार्य 4 मजदूर कितने दिनों में पूरा करेंगे? (मानसिक योग्यता – कार्य एवं समय)
उत्तर: 12 दिन
व्याख्या: कार्य = मजदूर × दिन, = 8 × 6 = 48 मजदूर-दिन
अब 4 मजदूरों के लिए:
48 ÷ 4 = 12 दिन
यह प्रश्न व्युत्क्रमानुपाती संबंध पर आधारित है — मजदूर कम होंगे तो समय अधिक लगेगा।
संदर्भ: प्रतियोगी गणित – कार्य एवं समय अध्याय।

GK संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर
बगहा-2, प. चम्पारण ।



अनुभाग-4

# -: शब्द - संगम :-

Futile (फ्यूटाइल) = Useless (यूज़लेस) = व्यर्थ
Antonym – Fruitful (फ्रूटफुल) = फलदायी
Genuine (जेन्युइन) = Authentic (ऑथेन्टिक) = वास्तविक / असली
Antonym – Fake (फेक) = नकली
Hamper (हैम्पर) = Hinder (हिंडर) = बाधा डालना
Antonym – Promote (प्रमोट) = प्रोत्साहित करना / बढ़ावा देना
Impartial (इम्पार्शियल) = Fair (फेयर) = निष्पक्ष
Antonym – Biased (बायस्ट) = पक्षपाती
Lucrative (ल्यूक्रेटिव) = Profitable (प्रॉफिटेबल) = लाभदायक
Antonym – Unprofitable (अनप्रॉफिटेबल) = अलाभकारी



~: संकलन :~
राकेश कुमार राव
प्रधानाध्यापक
PMश्री +2 NGY उच्च विद्यालय
वाल्मीकिनगर, बगहा-2 , प. चम्पारण ।

# "आज का अख़बार"

## NATIONAL NEWS

PM Modi inaugurates Micron's first Semiconductor Assembly, Test and Packaging facility in Gujarat's Sanand, hails it as 'dawn of new era' for India's tech self-reliance and semiconductor ecosystem.
पीएम मोदी ने गुजरात के साणंद में माइक्रॉन की पहली सेमीकंडक्टर असेंबली, टेस्ट एंड पैकेजिंग सुविधा का उद्घाटन किया, इसे भारत की तकनीकी आत्मनिर्भरता और सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम के लिए 'नई युग की शुरुआत' बताया।

AI and semiconductor jobs see up to 30% salary hikes in 2026 while others get 8-12%; widening pay divide highlighted in Michael Page India Salary Guide.
2026 में AI और सेमीकंडक्टर जॉब्स में 30% तक सैलरी बढ़ोतरी, अन्य क्षेत्रों में 8-12%; माइकल पेज इंडिया सैलरी गाइड में पे गैप बढ़ने की ओर इशारा।

India braces for hotter-than-normal summer with more heatwave days expected in March-May; IMD warns of above-average minimum temperatures.
भारत इस साल सामान्य से गर्म ग्रीष्मकाल की ओर, मार्च-मई में अधिक हीटवेव दिन; IMD ने न्यूनतम तापमान औसत से ऊपर रहने की चेतावनी दी।

## INTERNATIONAL NEWS

Iran confirms death of Supreme Leader Ayatollah Ali Khamenei in US-Israeli strikes; country begins 40 days of mourning, interim council formed amid ongoing retaliatory attacks on Israel and Gulf targets.
ईरान ने अमेरिका-इज़राइल हमलों में सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत की पुष्टि की; 40 दिनों का शोक शुरू, अंतरिम परिषद गठित, इज़राइल और खाड़ी लक्ष्यों पर जवाबी हमले जारी।

US and Israel continue strikes on Tehran into second day; Iran vows revenge, launches attacks on Dubai, Abu Dhabi and other Gulf cities causing flight cancellations and regional turmoil.
अमेरिका और इज़राइल ने दूसरे दिन भी तेहरान पर हमले जारी रखे; ईरान ने बदला लेने की कसम खाई, दुबई, अबू धाबी सहित खाड़ी शहरों पर हमले, उड़ानें रद्द और क्षेत्रीय अशांति।

Over 1,500 Middle East flights canceled due to escalating Iran-Israel conflict; Indian airlines like Air India and IndiGo cancel hundreds of international flights.
ईरान-इज़राइल संघर्ष बढ़ने से मध्य पूर्व में 1,500+ उड़ानें रद्द; एयर इंडिया और इंडिगो जैसी भारतीय एयरलाइंस ने सैकड़ों अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कीं।

## BIHAR NEWS

**Lalu Prasad calls RJD Parliamentary board meeting in Patna amid speculations that Tejashwi Yadav may contest upcoming Rajya Sabha polls; nomination deadline approaches.**
**लालू प्रसाद ने पटना में RJD संसदीय बोर्ड बैठक बुलाई, तेजस्वी यादव के राज्यसभा चुनाव लड़ने की अटकलों के बीच; नामांकन की अंतिम तिथि नजदीक।**

**Bihar weather update: Light rain and thundershowers likely in several districts; Ravi Pradosh Vrat observed with special pujas amid ongoing panchayat preparations.**
**बिहार मौसम अपडेट: कई जिलों में हल्की बारिश और गरज के साथ बौछारें संभावित; रवि प्रदोष व्रत पर विशेष पूजा, पंचायत तैयारियां जारी।**

## SPORTS NEWS

**T20 World Cup 2026 Super 8: India vs West Indies winner-takes-all clash underway in Kolkata; India opts to field first as West Indies open with Chase and Hope.**
**टी20 विश्व कप 2026 सुपर 8: कोलकाता में भारत बनाम वेस्ट इंडीज का निर्णायक मैच जारी; भारत ने पहले गेंदबाजी चुनी, वेस्ट इंडीज ने चेज और होप से शुरुआत की।**

**T20 World Cup 2026: South Africa remains unbeaten with 7/7 wins after beating Zimbabwe by 5 wickets in Super 8; George Linde's all-round show helps top Group 1.**
**टी20 विश्व कप 2026: साउथ अफ्रीका 7/7 जीत के साथ अपराजित, सुपर 8 में जिम्बाब्वे को 5 विकेट से हराया; जॉर्ज लिंडे का ऑलराउंड प्रदर्शन से ग्रुप 1 में शीर्ष।**



**संकलन:-**
**शैलेन्द्र कुमार**
**प्रधान शिक्षक**
**रा.प्रा.वि. बोदसर,**
**बगहा-2, प. चम्पारण।**

**✍️संदेश:**

**"करेंट अफेयर्स का नियमित अध्ययन ही प्रतियोगी सफलता की सबसे मजबूत नींव है।"**

प्रेरक कहानी

# "सपनों के रंग"

होली आने वाली थी। विद्यालय में उत्साह और उमंग का वातावरण था। कक्षा 10 और 12 के विद्यार्थियों की बोर्ड परीक्षाएँ समाप्त हो चुकी थीं। उनके चेहरों पर संतोष तो था, पर भविष्य को लेकर नई योजनाओं की हल्की-सी चिंता भी झलक रही थी। वहीं छोटी कक्षाओं के छात्र अपनी वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी में पूरे मन से जुटे थे।

होलिका दहन से एक दिन पूर्व प्रार्थना सभा में शिक्षक ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा,

"बच्चों, होलिका दहन हमें यह सिखाता है कि बुराई चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हो, अच्छाई की जीत निश्चित है। इस अवसर पर हमें अपने भीतर छिपे डर, टालमटोल, आलस्य और नकारात्मकता को भी प्रतीकात्मक रूप से अग्नि में समर्पित कर देना चाहिए।"

इन शब्दों ने विद्यार्थियों को सोचने पर मजबूर कर दिया। राहुल ने मन ही मन निश्चय किया कि वह अब अपने करियर को लेकर स्पष्ट लक्ष्य बनाएगा और समय की कद्र करेगा। सिया ने तय किया कि वह आलस्य छोड़कर नियमित अध्ययन करेगी और सभी के साथ मधुर व्यवहार रखेगी।

अगले दिन होली आई। बच्चों ने रंग खेलते समय मर्यादा और सम्मान का ध्यान रखा। उन्होंने एक-दूसरे को गले लगाकर कहा, "इस बार हम केवल रंग नहीं, अपने रिश्तों को भी नया बनाएँगे।"

उस दिन सबने अनुभव किया कि सच्ची होली वही है, जब हम सकारात्मक सोच, भाईचारे और परिश्रम के रंग से जीवन को सजाएँ।

**संदेश:**

डर, टालमटोल और नकारात्मकता को त्यागकर, पॉजिटिविटी, लक्ष्य और मधुर व्यवहार के साथ होली का स्वागत करें।

यही रंग हमारे सपनों और करियर को उज्ज्वल बनाते हैं।



................✍️
मनोज कुमार
प्रधानाध्यापक
रा.म.वि.वाल्मीकिनगर
बगहा 2, प. चम्पारण।

# "शिक्षक संवर्धन"

## "शिक्षण और प्रशिक्षण में अंतर"

विद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र में “शिक्षण और प्रशिक्षण” दोनों शब्द अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, किंतु अक्सर इन्हें एक ही समझ लिया जाता है। वास्तव में इन दोनों की प्रकृति, उद्देश्य और उपयोग अलग-अलग हैं। इनका स्पष्ट अंतर समझना इसलिए आवश्यक है, क्योंकि शिक्षा की गुणवत्ता केवल ज्ञान देने से नहीं, बल्कि कौशल विकसित करने से भी सुनिश्चित होती है।

शिक्षण वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से किसी विषय का ज्ञान, सिद्धांत और अवधारणाएँ समझाई जाती हैं। इसमें शिक्षक विद्यार्थियों को “क्या” और “क्यों” का उत्तर देता है। शिक्षण का उद्देश्य बौद्धिक विकास करना, सोचने की क्षमता बढ़ाना और विषय की गहरी समझ विकसित करना है। उदाहरण के लिए यदि शिक्षक कक्षा में “लोकतंत्र” की परिभाषा, उसके सिद्धांत और महत्व समझाते हैं, तो यह शिक्षण है। यहाँ विद्यार्थी को विषय की जानकारी और वैचारिक समझ दी जा रही है।

इसके विपरीत प्रशिक्षण एक ऐसी व्यवस्थित प्रक्रिया है, जिसमें किसी विशेष कार्य या कौशल को व्यवहार में करने की दक्षता विकसित की जाती है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य “कैसे” करना है, यह सिखाना होता है। इसमें अभ्यास, प्रदर्शन, पुनरावृत्ति और त्रुटि-सुधार प्रमुख भूमिका निभाते हैं। उदाहरण के लिए यदि शिक्षक को कक्षा प्रबंधन, स्मार्ट बोर्ड संचालन या गतिविधि आधारित शिक्षण की तकनीक सिखाई जाती है और उनसे उसका अभ्यास कराया जाता है, तो यह प्रशिक्षण है।

सरल शब्दों में कहें तो—

👉 शिक्षण ज्ञान देता है, जबकि प्रशिक्षण कौशल विकसित करता है।

👉 शिक्षण समझ पैदा करता है, प्रशिक्षण दक्षता बढ़ाता है।

एक व्यावहारिक उदाहरण से इसे और स्पष्ट किया जा सकता है। मान लीजिए किसी विद्यार्थी को साइकिल के संतुलन का सिद्धांत समझाया जाए—यह शिक्षण है। लेकिन जब वह स्वयं साइकिल चलाने का अभ्यास करता है, गिरता है, संतुलन बनाना सीखता है—यह प्रशिक्षण है। उसी प्रकार एक शिक्षक को बाल मनोविज्ञान पढ़ाना शिक्षण है, जबकि वास्तविक कक्षा में बच्चों की विविध आवश्यकताओं को संभालने का अभ्यास कराना प्रशिक्षण है।

आज के समय में प्रशिक्षण की आवश्यकता और प्रासंगिकता अत्यधिक बढ़ गई है। नई शिक्षा नीति, समावेशी शिक्षा, डिजिटल उपकरणों का उपयोग, सतत् व्यापक मूल्यांकन, बहुभाषिकता और कौशल आधारित शिक्षण—ये सभी तभी प्रभावी होंगे जब शिक्षक और विद्यार्थी दोनों व्यवहारिक रूप से प्रशिक्षित हों। केवल सैद्धांतिक ज्ञान से अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं होते। यदि शिक्षक तकनीक के उपयोग का प्रशिक्षण न लें, तो डिजिटल संसाधन विद्यालय में उपलब्ध होने के बावजूद प्रभावी ढंग से उपयोग नहीं हो पाएंगे।

प्रशिक्षण आत्मविश्वास बढ़ाता है, कार्यकुशलता में सुधार करता है और त्रुटियों को कम करता है। यह व्यक्ति को वास्तविक परिस्थितियों के लिए तैयार करता है। विशेष रूप से शिक्षकों के लिए निरंतर प्रशिक्षण आवश्यक है, क्योंकि शिक्षा का स्वरूप निरंतर बदल रहा है। प्रशिक्षण से शिक्षक नवीन विधियों, रणनीतियों और तकनीकों से परिचित होते हैं और उन्हें कक्षा में प्रभावी रूप से लागू कर पाते हैं।

अतः स्पष्ट है कि शिक्षण और प्रशिक्षण दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। शिक्षण ज्ञान की नींव तैयार करता है और प्रशिक्षण उस ज्ञान को व्यवहार में सशक्त रूप से लागू करना सिखाता है। यदि विद्यालयों में दोनों का संतुलित और योजनाबद्ध उपयोग किया जाए, तो शिक्षा केवल सैद्धांतिक न रहकर व्यवहारिक, प्रभावी और जीवनोपयोगी बन सकती है।

.................✍️

मनोज कुमार झा
प्रधानाध्यापक
राज़कीयकृत म.वि. सर्वोदय
बेतिया, प. चम्पारण।



# कैरियर मार्गदर्शन श्रृंखला: पत्र संख्या - 01

## "मैट्रिक के बाद – आईटीआई Electrician"

## 'संपादकीय'

प्रिय विद्यार्थी,

यदि आपने मैट्रिक उत्तीर्ण किया है और कम समय में रोजगारपरक तकनीकी कौशल प्राप्त करना चाहते हैं, तो आईटीआई (Electrician Trade) एक अत्यंत उपयोगी विकल्प है। यह कोर्स विद्युत वायरिंग, मोटर रिपेयरिंग, ट्रांसफॉर्मर, घरेलू एवं औद्योगिक बिजली कनेक्शन, सोलर सिस्टम इंस्टॉलेशन आदि का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करता है।

अर्हता: मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिक (10वीं) उत्तीर्ण। सामान्यतः गणित एवं विज्ञान विषय होना वांछनीय है। आयु सीमा प्रायः 14–40 वर्ष (राज्य नियम अनुसार)।

नामांकन प्रक्रिया: बिहार में प्रवेश मेरिट/ऑनलाइन आवेदन के आधार पर होता है। आवेदन एवं अधिसूचना की जानकारी बिहार सरकार के श्रम संसाधन विभाग तथा संबंधित पोर्टल पर उपलब्ध होती है। राष्ट्रीय स्तर पर आईटीआई की जानकारी के लिए Ministry of Skill Development and Entrepreneurship की आधिकारिक वेबसाइट skillindia.gov.in तथा apprenticeshipindia.gov.in उपयोगी है।

मान्यता एवं संस्थान: केवल NCVT/SCVT से मान्यता प्राप्त संस्थान में ही नामांकन लें। तकनीकी शिक्षा की मान्यता संबंधी दिशा-निर्देश National Council for Vocational Training द्वारा निर्धारित किए जाते हैं। बिहार में सरकारी आईटीआई लगभग सभी जिलों में संचालित हैं।

कोर्स अवधि: सामान्यतः 2 वर्ष।

रोजगार की संभावना: बिजली मिस्त्री, इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रिशियन, रेलवे/पीडब्ल्यूडी कॉन्ट्रैक्ट कार्य, निजी कंपनियाँ, मैन्युफैक्चरिंग यूनिट, सोलर पैनल इंस्टॉलेशन आदि। अनुभव के बाद स्वयं का व्यवसाय भी शुरू किया जा सकता है। प्रारंभिक आय ₹12,000–20,000 प्रतिमाह से शुरू होकर अनुभव अनुसार बढ़ती है।

उच्चतर अवसर: आईटीआई के बाद अप्रेंटिसशिप, जूनियर इंजीनियर परीक्षा, रेलवे टेक्निकल पद, या पॉलिटेक्निक लेटरल एंट्री का विकल्प खुलता है।

वित्तीय सहायता: बिहार सरकार की स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना (DRCC) के माध्यम से तकनीकी कोर्स हेतु ऋण उपलब्ध है (drcc.bihar.gov.in)। छात्रवृत्ति हेतु National Scholarship Portal (scholarships.gov.in) पर विभिन्न योजनाएँ उपलब्ध हैं। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को राज्य योजनाओं का लाभ भी मिल सकता है।

विशेष सुझाव: नामांकन से पहले संस्थान की मान्यता, लैब सुविधा, प्लेसमेंट रिकॉर्ड एवं अप्रेंटिसशिप अवसर अवश्य जाँचें।

अगले पत्र में हम इंटरमीडिएट के बाद के कोर्स – B.A. (स्नातक) पर विस्तृत चर्चा करेंगे।
आपके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं सहित। 🌟

.................✍️

शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
रा.प्रा.वि. बोदसर, बगहा-2



Reg. No. BR/2025/0487469

# "चम्पारण-ज्ञानाग्रह"

**आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏**

# Thank You..

**बच्चों के हितार्थ अपना बहुमूल्य समय देने के लिए...!!!**




**संपादक:-**

**शैलेन्द्र कुमार**

'प्रधान शिक्षक'

Govt. PS बोदसर,

बगहा-2, प. चम्पारण।

(10010803702)

📱-9939671700


अगर आपके मन में कोई नया विचार, कोई इवेंट, कोई एक्टिविटी या किसी बदलाव की पहल है, तो कृपया टीम में बताइए।


+917250818080

teachersofbihar@gmail.com

+917250818080

www.teachersofbihar.org